भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 772

सोमवार, 12 दिसंबर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)

उत्तर प्रदेश में ई-श्रमिक कार्डधारक

772. श्री प्रदीप कुमार चौधरी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ई-श्रम पोर्टल से जोड़े जा चुके भारत के श्रमिकों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में उक्त योजनान्तर्गत चिन्हित किए गए श्रमिकों (ई-श्रमिक कार्डधारक) पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार द्वारा श्रमिकों को श्रमिक कार्ड के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कोई योजना है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): दिनांक 07.12.2022 की स्थिति के अनुसार, ई-श्रम पोर्टल पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पंजीकृत असंगठित कामगारों की संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ख): कोविड-19 महामारी के दौरान, उत्तर प्रदेश (यूपी) सरकार ने 62,32,941 असंगठित कामगारों को राहत के रूप में 1246,58,82,000 रुपये की राशि प्रदान की थी।

(ग) से (ङ): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने विभिन्न कल्याणकारी और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों को इन कामगारों तक पहुँचाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सक्षम बनाने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ ई-श्रम पोर्टल डेटा साझा करने पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दिशानिर्देश जारी किए हैं।

* ****

अनुबंध

"उत्तर प्रदेश में ई-श्रमिक कार्डधारक" के संबंध में दिनांक 12.12.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 772 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

दिनांक 07.12.2022 की स्थिति के अनुसार ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों की संख्या	
राज्य	कुल पंजीकरण
उत्तर प्रदेश	8,29,76,968
बिहार	2,85,16,784
पश्चिम बंगाल	2,57,06,239
मध्य प्रदेश	1,67,77,749
महाराष्ट्र	1,33,36,139
ओडिशा	1,33,13,228
राजस्थान	1,27,18,450
झारखंड	91,08,389
गुजरात	90,83,620
तमिलनाडु	82,55,545
छत्तीसगढ	82,32,132
आंध्र प्रदेश	78,38,400
कर्नाटक	72,59,331
असम	68,42,349
केरल	59,01,070
पंजाब	54,92,110
हरियाणा	52,39,133
तेलंगाना	39,92,442
जम्मू और कश्मीर	33,46,412
दिल्ली	32,45,844
उत्तराखंड	29,69,616
हिमाचल प्रदेश	19,20,969
त्रिपुरा	8,42,201
मणिपुर	4,03,695
मेघालय	2,78,907
नागालैंड	2,18,316
पुदुचेरी	1,76,186
चंडीगढ़	1,73,744
अरुणाचल प्रदेश	1,39,729
दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव	72,752
मिजोरम	57,970
गोवा	48,563
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	28,345
लद्दाख	27,845
सिक्किम	22,081
लक्षद्वीप	2,369
कुल	**28,45,65,622**

****